# द्विभाषिक वार्तालाप पुस्तक से सी.डी./डी.वी.डी. निर्माण हेतु खुली निविदा आमंत्रण

## निविदा के लिए निर्धारित प्रपत्र

## द्विभाषिक वार्तालाप पुस्तक से सी.डी./डी.वी.डी. निर्माण हेतु अनुमानित लागत

| क्र.सं. | विवरण | दर | अनुमानित खर्च (सभी करों सहित) |
|---|---|---|---|
| 1 | कंप्यूटर से स्क्रिप्ट निर्माण | | |
| 2 | रिकार्डिंग हेतु स्टूडियो का किराया | | |
| 3 | लेंग्वेज डबिंग (क) हिंदी में<br>(ख) हिंदीतर भारतीय भाषा में | | |
| 4 | कलाकारों के पारिश्रमिक | | |
| 5 | मास्टर कॉपी निर्माण में लागत | | |
| 6 | रिक्त सी.डी. की कीमत | | |
| 7 | प्रति सी.डी. राइटिंग का खर्च | | |
| 8 | प्रति सी.डी. लेबल व इंडेक्स मुद्रण (मोनोग्राम सहित) | | |
| 9 | प्रति सी.डी. रखने के लिए प्लास्टिक बॉक्स का खर्च | | |
| 10 | एडिटिंग (चित्रों को लगाना भी शामिल है) | | |
| 11 | अन्य व्यय (यदि कोई हो) | | |

# <u>केंद्रीय हिंदी निदेशालय</u>
# <u>पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग</u>

## <u>खुली निविदा के लिए निर्धारित शर्तें</u>

1 **'द्विभाषिक वार्तालाप पुस्तक से सी.डी./डी.वी.डी. निर्माण हेतु'** डी.ए.वी.पी., सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के नवीनतम वैध पैनल (**Latest Valid Panel**) में सूचीबद्ध दिल्ली/नई दिल्ली स्थित उन फ़र्मों से निविदा आमंत्रित की जा रही है जो उक्त भौगोलिक परिसीमा (**Geographical Jurisdiction**) के अंतर्गत डी.वी.डी. का निर्माण कार्य करते हों। इस संदर्भ में डीएवीपी का नवीनतम पैनल प्रमाण-पत्र (**Latest Valid Empanelment Certificate**) ही संलग्न करें।

2 लिफाफे पर **द्विभाषिक वार्तालाप पुस्तक से सी.डी./डी.वी.डी. निर्माण हेतु मुहरबंद निविदा'** अंकित होना चाहिए। यह निविदा डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से **डॉ.अनुराधा सेंगर, सहायक निदेशक, प.पा.विभाग, केंद्रीय हिंदी निदेशालय, पश्चिमी खंड-7, आर.के.पुरम., नई दिल्ली-110066** के पास **दिनांक 18-02-2019 को सायं ~~अपराह्न~~ (05.00 बजे)** तक पहुँच जानी चाहिए। **निविदा दिनांक 19.02.2019** को अपराह्न **3.00 बजे** खोली जाएँगी।

3 निविदा के आधार पर निर्मित पैनल तीन वित्तीय वर्षों **2019–20, 2020–21 एवं 2021–22** के लिए मान्य होगा, लेकिन इसका मतलब यह अर्थ कदापि नहीं है कि निदेशालय अपेक्षानुसार तीन वर्षों तक उसी फर्म को कार्य आबंटित करने के लिए बाध्य है। प्रति वित्तीय वर्ष कार्य का आवंटन फ़र्म/फ़र्मों के द्वारा किए गए कार्य के आधार पर ही किया जाएगा।

4 कार्य को योजना अनुसार एवं समय पर संपन्न करने हेतु निदेशालय एक से अधिक फ़र्मों को भी कार्य आबंटित करने के लिए स्वतंत्र है।

5 जिस फर्म की निविदा स्वीकृत की जाएगी, उसे कार्य आवंटन की राशि का 10 प्रतिशत बतौर धरोहर राशि **निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय, पश्चिमी खंड-7, आर.के.पुरम, नई दिल्ली-110066** के पक्ष में डिमांड ड्राफ़्ट के रूप में प्रस्तुत करना होगा। कृपया नोट करें कि कार्य समाप्ति के पश्चात् दो महीनों के बाद ही उक्त धरोहर राशि वापस की जाएगी।

6 149 पृष्ठों की पुस्तक की सी.डी./डी.वी.डी. के कार्य समापन की अधिकतम अवधि 60 दिन निश्चित की गई है। अतः केवल वही फर्म आवेदन करे जो इस निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्य संपन्न कर सी.डी./डी.वी.डी. निदेशालय को सौंपने के इच्छुक हों।

7 निविदाएँ निर्दिष्ट समय पर इच्छुक निविदा दाताओं की उपस्थिति में खोली जाएंगी।

8 निविदा में सभी काट एवं दोहरी लिखाई पर निविदादाता द्वारा हस्ताक्षर किए गए हों।

9 निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय के पास बिना कोई कारण बताए किसी या सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। सबसे कम दरों वाली निविदा को मान्यता (स्वीकृति) दी जाएगी, यह बाध्यता नहीं है।

10 निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय के पास दर अनुबंध को अंतिम रूप दिए जाने तक किसी अन्य फर्म से अनुबंध करने का अधिकार सुरक्षित है।

...../2

11 निविदा में दर का उल्लेख कृपया निर्धारित प्रपत्र/मद के अनुसार ही करें। यदि कोई फर्म अलग से अन्य किसी भी प्रकार के व्यय का उल्लेख करना चाहता है तो वह इसे अन्य व्यय के मद में कर सकता है।

12 टेलीग्राफ़िक निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी।

13 कार्य समाप्ति के पश्चात् फ़र्म द्वारा निदेशालय को निम्नलिखित सामग्री सौंपनी होगी -

1. **Hard Copy of CD/DVD**
2. **Master CD/DVD**
3. **Replicated CD/DVD - 100 in numbers**

14 निविदा में उल्लिखित दर सभी करों सहित **(Inclusive of all Taxes)** होगी। अतः इस संदर्भ में फर्म द्वारा अलग से किसी भी प्रकार के कर की माँग कदापि स्वीकार्य नहीं होगी।

15 स्क्रिप्ट की आवश्यकतानुसार फर्म को एनिमेशन/स्पेशल इफ़ैक्टस् भी लगाने पड़ सकते हैं, परंतु इसके लिए फर्म को अतिरिक्त किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाएगा।

16 **निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय के सभी निर्णय/आदेश अंतिम तथा सभी के लिए मान्य एवं बाध्यकारी होंगे।**

(बाबूलाल मीना)
सहायक निदेशक
पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग
मोबाइल नं. 8383007297